भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

नवंबर 2017

खंड 71 अंक 11

संपादन समिति
जनक राज
गौतम चैटर्जी
राजीव रंजन

संपादक
सुनील कुमार

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादन समिति के निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग द्वारा मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है। इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडल उत्तरदायी नहीं है। हस्ताक्षरित लेख में व्यक्त विचारों के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2017

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुनः प्रयोग की अनुमति है,
बशर्ते कि स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन के सदस्यता शुल्क के लिए कृपया "भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल के महत्त्वपूर्ण प्रकाशन" खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को इंटरनेट के माध्यम से **http://www.bulletin.rbi.org.in** पर भी देखा जा सकता है।

विषयवस्तु

भाषण

भावी संकट से बचने के लिए वित्तीय विनियमन और आर्थिक नीतियाँ
ऊर्जित आर. पटेल 1

लेख

वित्तीय क्षेत्र पर विमुद्रीकरण का प्रभाव 7

वर्तमान सांख्यिकी **21**

हाल के प्रकाशन **64**

भाषण

भावी संकट से बचने के लिए वित्तीय विनियमन
और आर्थिक नीतियाँ
ऊर्जित आर. पटेल

भावी संकट से बचने के लिए वित्तीय विनियमन और आर्थिक नीतियाँ*

ऊर्जित आर. पटेल

1. मैं कुछ नम्बरों की याद आप सभी को दिलाना चाहता हूँ जो आज की इस पैनल चर्चा हेतु अहम पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। सन 1980 और 2015 के बीच वैश्विक जीडीपी की तुलना में वैश्विक बाह्य देयताएँ 30 प्रतिशत से बढ़कर 190 प्रतिशत हो गई हैं, जिसने वैश्विक व्यापार में संवृद्धि (इस अवधि के दौरान जीडीपी के 19 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत) को काफी पीछे छोड़ दिया है। इस वैश्वीकरण का मुख्य वाहक रहे हैं - देशों की सीमाओं के आर-पार होने वाले बैंकिंग प्रवाह; वित्तीय संकट से पहले के दशक में वैश्विक पूंजी प्रवाहों का एक तिहाई भाग इसी का था। इसी के समानांतर राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर जाने वाली आपूर्ति शृंखलाओं के माध्यम से, और विकासशील विश्व से खासतौर पर नए खिलाडियों के प्रादुर्भाव से वैश्विक व्यापार का आंतरिक जुड़ाव बढ़ता गया। इस समय वैश्विक व्यापार में चीन की हिस्सेदारी लगभग 11 प्रतिशत है, और उदीयमान बाज़ारों और विकासशील देशों (EMDC)को एक साथ मिला लिया जाए तो इनका योगदान 37 प्रतिशत (सन 2000 से लगभग 15 प्रतिशत अंक अधिक है)।

2. विश्वव्यापी वित्तीय संकट के दौरान नीतिगत साधनों का संकट-पूर्व स्पष्ट निर्धारण का प्रयोजन धूमिल रहा। अनुभव से प्रकट हो गया है कि समष्टि आर्थिक नीति निर्माण में मौद्रिक स्थायित्व और वित्तीय स्थायित्व के बहुविध और कई बार विरोधाभासी प्रयोजनों को हासिल करने के लिए सूक्ष्म संतुलनकारी कार्य अपेक्षित है।

इन्हीं समझौतों के बीच वित्तीय स्थायित्व को कुछ वरिष्ठता मिल गई, जिसके कारण राष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा इसकी सतत निगरानी, वित्तीय प्रणाली में सर्वांगी जोखिमों के निर्माण को न्यूनतम करना और गिरावट को सर्वाधिक दक्ष और प्रभावी तरीके से कम करना अपरिहार्य बन जाता है। इसमें बाजार की दक्षता को ग्राहक संरक्षण के साथ परस्पर जोड़ना और सर्वांगी जोखिमों का प्रबंधन-यहाँ तक कि पूर्वक्रमण-करना होता है।

3. आज मैं अपनी बातों का फोकस आगामी संकट से बचाव में वित्तीय विनियमन की भूमिका में निम्नलिखित मुद्दों पर रखना चाहूँगा:

- वैश्वीकरण और वैश्विक नियमावली/मानकों का अनुसरण-सहक्रियाएं और चुनौतियाँ।
- वित्तीय विनियमन और संकट होने की आकस्मिकता- विनियामक हस्तक्षेप को अधिक पूर्वाभासी और तथ्य-आधारित होने की जरूरत।
- पश्चदर्शी बनाम अग्रदर्शी जोखिम- आधारित पर्यवेक्षण- वैश्विक दृष्टि से प्रणालीगत रुप में महत्वपूर्ण बैंकों द्वारा अपना आंतरिक मॉडल प्रकट करने की जरूरत।
- विशालकाय-विफल नहीं होगा और नैतिक खतरा।
- संकट के आकार और गति के परिप्रेक्ष्य में वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल (GFSN) की पर्याप्तता।

(i) वैश्वीकरण और वैश्विक नियमावली/मानक

4. उदीयमान बाज़ारों वाली अर्थव्यवस्थाओं को निसन्देह वैश्वीकरण का लाभ मिला है, लेकिन साथ ही वैश्वीकरण के साथ आने वाली कमजोरियों के प्रति भी वे पहले से कहीं ज्यादा अनावृत्त हुई हैं। जैसे-जैसे हम विदेशी बाज़ारों में प्रवेश करते हैं और अपने क्रियाकलापों को वैश्विक स्तर पर फैलाते हैं, तो हमारी वित्तीय प्रणाली को भी वैश्विक मानदंड अपनाने की जरूरत पड़ती है खासकर पूँजी, जोखिम की पहचान और लेखांकन मानकों के बारे में; सामान्य एन्कर जैसे की मुद्रास्फीति के बारे में कुछ नियमों पर आधारित मौद्रिक नीति; बजट अथवा व्यय नियम पर आधारित राजकोषीय नीति; और बाजार आधारित विनिमय-दर व्यवस्था, जिसकी अनुपूर्ति सुदृढ़ और प्रभावी वित्तीय-क्षेत्र विनियमन और पर्यवेक्षण, निगम अभिशासन और प्रवर्तन नियमावली तथा ऋणशोधन -अक्षमता और समाधान संरचना होनी चाहिए।

5. जब बैंकों तथा कार्पोरेट तक अभिगम दिया जाता है तो बाज़ार द्वारा अनुशासन के इन सख्त मानकों को सहज रूप

* इंटर-अमेरिकन डेवलपमेन्ट बैंक, वॉशिंगटन डी.सी. में 15 अक्तूबर 2017 को आयोजित 32वें वार्षिक जी30 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सेमिनार में ऊर्जित आर. पटेल, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक।

से लागू कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए अन्तरराष्ट्रीय पूँजी में मौद्रिक और राजकोषीय अनुशासनहीनता पर कठोर प्रहार करने की प्रवृत्ति होती है। यहाँ तक की कुछ आघात तो आधारभूत सिद्धान्तों से भी अप्रभावी रहते हैं, फिरभी मजबूत,विवेकी, पारदर्शी और उत्तरदाई समष्टि नीतिगत संरचना वाली अर्थव्यवस्थाओं ने नकारात्मक बाह्य प्रभावों पर काबू पाने में सफलता दिखाई है साथ ही उन्होंने तेजी से सामान्य स्थिति को बहाल किया। इस बारे में विवेकपूर्ण नीति-संरचना में नीतिगत कार्रवाई को अंतिम लक्ष्य के साथ आबद्ध कर दिया जाता है। हम में से कुछ सोच सकते हैं कि नियमावली तो हमारे ऊपर स्वतंत्रता और संप्रभुता के बलिदान के रूप में लाद दी जाती है। यद्यपि सभी नियम हमारे लिए सर्वोत्तम नहीं हो सकते तो मैं जिनका उल्लेख कर रहा हूँ वे विशेष तौर पर मौद्रिक, राजकोषीय और लेखांकन के बारे में हैं, और न्यूनतम आधारभूत नियमों के तौर पर काफी लोगों द्वारा स्वीकार किए जाते है।

सर्वप्रथम तो राजकोषीय नियमों को संस्थागत किया जाता है या कानूनी रूप से बाध्यकारी नियमावली जो प्राधिकरणों को राजकोषीय अनुशासन के लिए वचनबद्ध करे। व्यय अथवा समग्र घाटे पर लगाम लगाकर वे समष्टि-आर्थिक विश्वसनीयता को बढ़ाते है,सरकारी देनदारी को वहनीय स्तरों पर रख कर वित्तीय बाज़ारों में सहभागी के रूप में राजकोषीय प्राधिकरण की विश्वसनीयता में बढ़ोत्तरी करते हैं।

द्वितीय यह कि पारदर्शी और अनुमान योग्य मौद्रिक नीति संरचना, परिभाषा के आधार पर देखें तो नियम आधारित होती है।

तृतीय यह कि यद्यपि विनियमों को बाहर से लागू किया जाता है, तथापि कारपोरेट अभिशासन तो फर्म के लिए आंतरिक होता है और स्व-नियंत्रण की प्रकृति का होता है, जिसमें यह रक्षोपाय होते हैं कि विनियमों द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों और नियमों का निष्ठापूर्वक पालन किया जाए। इसके बावजूद विनियमों और कार्पोरेट अभिशासन को एक-दूसरे का प्रतिपूरक होना पड़ता है।

चौथे यह कि वैश्वीकरण के साथ ही बड़ी फर्मों के परिचालन परराष्ट्रीय हो गए है और पूँजी का बड़ी मात्रा में क्रास बार्डर आवागमन करने के लिए समसमान लेखांकन मानकों को अपनाने की जरुरत होती है, जैसे कि अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (IFRS)। जब इन मानकों को सख्ती और सुसंगत रूप से लागू किया जाता है तो निवेशक,विनियामक और अन्य हिस्सेदार सभी को निर्णय लेने हेतु उच्च कोटि की जानकारी का लाभ प्राप्त होता है।

6. वैश्वीकरण के साथ ही, उदीयमान बाज़ारों वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वैश्विक मानक निर्धारणकर्ता निकायों से निकलने वाले मानकों का अनुपालन करें। यद्यपि EME में IFRS जैसे मानकों को अपनाने में चुनौतियाँ बनी रहेंगी,तथापि हम अग्रदर्शी प्रावधानीकरण संरचना का स्वागत करते हैं। आमतौर पर अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान करने में बैंकों में देरी करने की प्रवृत्ति होती है, और चक्रीय अधोगामी स्थिति पैदा हो जाती है तब तक काफी देर हो चुकती है, संभवतया यह बैंक की आय और पूंजी पर आर्थिक चक्र के प्रभाव को आवर्धित कर देता है। ऐसी परिस्थितियों में क्रेडिट चक्र में आरंभिक चरण में ही वास्तविक और संभावित ऋण नुकसानों की पहचान करके उसके लिए प्रावधान कर देने से संभवतया प्रतिचक्रीयता घट जाती है और वित्तीय स्थायित्व को बल मिलता है।

(ii) वित्तीय विनियमन और संकट की आकस्मिकता - विनियामक हस्तक्षेप को अधिक पूर्वाभासी और तथ्य - आधारित होने की जरूरत

7. वित्तीय स्थायित्व के संदर्भ में स्वीकार्य विनियमों तीन मोटी-मोटी विशेषताएँ तो होनी चाहिएँ- सर्वप्रथम तो यह कि विनियम को अनुमान योग्य होना चाहिए। ऐसा विनियम जो विरत होने की प्रवृत्ति से आसानी से प्रभावित होता हो उसके प्रति हिस्सेदारों में जोखिम प्रेरक व्यहार सहवर्ती रूप से होने के अवसर जुड़े होते हैं। द्वितीय, यह कि विनियम का लक्ष्य होना चाहिए कि विनियमित प्रतिष्ठानों की आंतरिक अभिशासन व्यवस्थाओं को प्रोत्साहन परक तरीके से सहज स्वीकार्य बनाएँ/ अंतत: इसका लक्ष्य प्रमुख हिस्सेदारों के बीच सूचना असममिति का समाधान करे क्योंकि जानकारी का अभाव भेड़चाल की तरफ ले जाता है और इस प्रकार अनपेक्षित संकट जन्म लेता हैं।

8. पश्चदर्शी विनियमों का प्रयास रहता है कि किसी एक क्षेत्र, प्रदेश और राष्ट्र में विनियमों के अंतराल को भरा जाए; लेकिन वित्तीय प्रणाली की जटिलता और आंतरिक तौर पर जुड़ाव को देखते हुए, क्रियाकलाप तेजी से दूसरे क्षेत्र,प्रदेश या राष्ट्र की तरफ बढ़ जाते हैं और वित्तीय अतिरेक बना देते हैं। हालांकि, वित्तीय स्थायित्व के लिए अगला खतरा उन दिशाओं

से भी आ सकता है जिसके बारे में विनियामक पूरी तरह से अनभिज्ञ हों। इस प्रकार के अनपेक्षित जोखिमों से निपटने के लिए अग्रदर्शी विनियमों को जरूरत होती है। बड़े डाटा विश्लेषकों,क्लाउड कम्प्यूटिंग और कृत्रिम -प्रज्ञता के प्रादुर्भाव के साथ हम ऐसी हालत में है कि डाटा का प्रयोग करके कतिपय मान-श्रृंखला मध्यांतरों से आगामी घटनाओ का मॉडल तैयार किया जा सकता है और हमारे विनियमों को ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए तैयार किया जा सकता है। अभी हाल ही में हम दो क्षेत्रों पर अपना जोर दे रहे हैं- साइबर सुरक्षा और फिनटेक। एक दशक पहले कुछ ही बैंकर्स या नीति-निर्माता इस बारे में बात करते थे। आज इन्हे वित्तीय प्रणाली के लिए प्रमुख जोखिम के तौर पर अभिनिर्धारित किया जाता है।

9. संकट से पहले इन दखलकारी विनियमों से जो एलर्जी थी संकट काल के बाद की अवधि में सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह अनिवार्यता बन गए हैं। संकट-पश्चात के अतिसक्रिय विनियामक परिवेश में यह संभव है कि किसी संकट को संभावित रुप से दूर रखने के लिए विस्तृत - 'कीजिए, नहीं कीजिए' तैयार कर लिए जाएँ। ऐसे परिवेश में किसी नियामक व्यवस्था की बुनियादी विशेषताओं को यदि निवेशकों के लिए प्रतिसादी पर्यवेक्षी परिवेश और हिस्सेदारों की अन्य चिन्ताओं के साथ मिला दिया जाए, तो नियंत्रणाधीनों के बीच अधिक विवेकपूर्ण व्यवहार निसृत होता है। असंगत लाभ कमाने अथवा कपटपूर्ण रूप से दरों को बढ़ाकर अपनी समस्याओं पर पर्दा डालने के लिए कई प्रमुख बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर विनियामकों द्वारा रिकार्ड जुर्माने लगाये जाते रहे हैं। कतिपय अधिकारक्षेत्रों में बैंकों द्वारा उत्पादों के अप विक्रय के कारण भी विनियामकों में कोई में गंभीर चिन्ता पैदा हुई है। इसके कारण अधिक हस्तक्षेपी विनियमों को बनाना पड़ा जिससे बैंकों पर अनुपालन लागत का दबाव बढ़ गया।

(iii) वैश्विक बैंकों द्वारा आंतरिक रेटिंग -आधारित आकलन पर निर्भरता: ब्लैक बॉक्स के लिए समुचित प्रकटीकरण और पारदर्शिता अपेक्षित

10. विगत वित्तीय संकट ने ऐसे संदेहों का सृजन किया आंतरिक रेटिंग आधारित तरीके का प्रयोग अवसरवादी तरीके से किया गया होगा ताकि पूँजी-अपेक्षाओं को कम किया जा सके, इस प्रकार बैंक ने अपनी जोखिम भारित आस्तियों को बनावटी तरीके से कम रखते हुए क्रेडिट बबूलों को छिपाया। प्रमाणों से ज्ञात होता है कि विनियामक प्रयोजनों से प्रयुक्त आंतरिक जोखिम आकलनों में प्रणालीगत रूप से वास्तविक चूक दरों का पूर्वानुमान वास्तविक से कम रखा गया होगा। विनियामक व्यवस्था की सफलता के लिए जोखिम-भार में पर्यवेक्षी भरोसा महत्वपूर्ण होता है। बासेल पूँजी फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर बैंकिंग पर्यवेक्षण संबंधी बासेल समिति के अनुशीलन में यह प्रमाण मिले हैं कि आंतरिक प्रदर्शन (एक जैसी जोखिम प्रोफाइल वाले पोर्ट फोलियो के संबंध में) द्वारा सृजित पूंजी परिणामों में महत्वपूर्ण अन्तरालों को अनपेक्षित कहा जा सकता है। इस प्रकार सभी आंतरिक प्रदर्शों में पारदर्शिता और तुलनीयता को बढ़ाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उभयनिष्ठ मानकों के एक सेट के आधार पर आंतरिक रेटिंग तैयार और सत्यापित की जाती है। पारदर्शिता और प्रकटीकरण का समुचित अंश बहुत से बड़े वैश्विक बैंकों द्वारा वर्तमान में प्रयुक्त जोखिम आकलन प्रदर्शों की विश्वसनीयता को बढ़ाने में मदद करेगा, " सूर्य की किरणें सर्वोत्तम संक्रमण नाशक कही जाती है"।

iv) विशालकाय विफल नहीं होगा और नैतिक खतरा

11. अपने विशाल आकार के कारण कभी विफल नहीं होनेवाली संस्थाओं के लिए सरकारी गारंटी निहित होने की चिंता जुड़ी होती है। यह चिन्ता इस विश्वास से ही निकलती है कि विशालता के कारण विफल नहीं होने की स्थिति बड़े बैंकों को यह प्रोत्साहन और अवसर प्रदान करती है कि वे अतिरिक्त जोखिम उठा सकते हैं। यदि निवेशक मानते हैं कि बड़े आकार वाले बैंक विफल नहीं होंगे तो वे ऐसे बैंकों को अपनी निधि रियायत पर भी दे सकते हैं। निर्भयता की प्रत्याशा के साथ-साथ यह रियायत बड़े आकार वाले बैंकों को और भी जोखिम वाले कामों में संलिप्त होने को प्रोत्साहित करती है। यह, बदले, उनके साथ स्पर्धा करने वाले छोटे बैंकों को और भी जोखिम उठाने को प्रेरित कर देती है जिससे समूची वित्तीय प्रणाली का जोखिम बढ़ जाता है।

12. प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों/ बैंकों (SIFI/SIB) की विनियामक लेबलिंग से दिवाले के मामले में बीमा नहीं कराए गए डिपॉजिट के लिए अप्रत्यक्ष रूप से करदाता-प्रायोजित बेल-आउट की वचनबद्धता का संदेश जा सकता है। यद्यपि इनके साथ पूँजी बाजार में हानियों के अवशोषक का कार्य करें,तथापि पूँजी से अतिरिक्त प्रतिलाभ

अर्जित करने में SIFI/SIB की और अधिक जोखिम उठाने की संभावना और इसके द्वारा अतिरिक्त पूँजी की भूमिका के नकारे जाने को खारिज़ नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार अन्य वित्तीय संस्थानों के सापेक्षतया SIFI/SIB की पर्यवेक्षी निगरानी की प्रकृति कहीं अधिक हस्तक्षेपी हो सकती है। यूरोप में बैंकों को बेल आउट करने के अनुभव से प्रकट होता है कि बेलआउट की राजनैतिक मितव्ययिता विनियामक लेबलिंग से अधिक महत्वपूर्ण है।

v) वैश्विक वित्तीय सुरक्षा नेटों (GFSN) की अपर्याप्तता और केन्द्रीय बैंक की पक्षपातपूर्ण स्वैप लाइनें उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं को स्वत:-बीमा करने पर मजबूर करती हैं:

13. प्रणालीबद्ध केन्द्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति का रुख, भू-राजनैतिक गतिविधियाँ और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बृहद-आर्थिक नीतियों के साथ चारो तरफ से जुड़ी अनिश्चितता पूंजी प्रवाह की दिशा को उदीयमान बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तरफ धकेलने में प्रमुख घटक बने। इन प्राप्तकर्ता अर्थव्यवस्थाओं में इसने वित्तीय बाजार की परिवर्तनशीलता को बढ़ते हुए उनकी संवृद्धि संभावनाओं हेतु और वृहद आर्थिक और वित्तीय स्थायित्व के लिए प्रतिकूल निहितार्थ रखें। कुल मिलाकर उदीयमान बाजार अर्थव्यवस्थाओं ने उचित रूप से युक्त पूँजी खाते का रखरखाव करके और विवेकपूर्ण नीतियों के माध्यम से अपने समष्टिगत मूल सिद्धान्तों को प्रबल बनाकर इन आघातों को अवशोषित कर लिया है। तथापि, इस झुंझलाहट से आरंभ होने वाले उच्च प्रवणता वाली घटनाओं ने यह दिखाया है कि पूँजी के बड़े और अचानक होने वाले मूवमेन्ट के सामने वृहद आर्थिक मूल सिद्धान्त कोई मायने नहीं रखते हैं,और उनकी अर्थव्यवस्थाएँ इन जोखिमों के तेजी से मूर्त रूप ग्रहण करने के प्रति सुभेध बनी रहती हैं।

14. अभी तक तो प्रबल, इक्विटएबल और तेजी से नियोजन योग्य विश्वव्यापी वित्तीय सुरक्षा नेट (GPSN) के लिए हमारी तलाश मृग मरीचिका ही रही है। परिणाम यह है कि उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं को आरक्षित निधियों का अनुरक्षण करके और वृहद विवेकपूर्ण/पूँजी प्रवाह प्रबंधन युक्तियों सहित नीतिगत लिखतों के सम्मिश्रण के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता का प्रबंधन करके अपना बचाव किया, जिनकी प्रकृति अग्रक्रय प्रकार की होती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष प्रदत्त सुविधाओं के साथ लगे हुए लांछन और "स्वत: बीमा" के लिए तलाश को देखते हुए उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं ने वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता को शांत करने और " अचानक ठहराव " तथा विपरीत स्थितियों के लिए पर्याप्त चलनिधि बफर प्रदान करने के लिए "प्रथम रक्षा पंक्ति" के तौर पर विदेशी मुद्रा भंडार निर्मित किया। दूसरे यह कि वित्तीय स्थायित्व की कार्यसूची की अनुपूर्ति के लिए क्षेत्रीय वित्तीय सुरक्षा नेट सामने आए।

15. वैश्विक वित्तीय संकट से पहले ले समय में देशों द्वारा आरक्षित निधियों के बढ़ते हुए संचयन और विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अदला-बदली व्यवस्थाओं में बढ़ोत्तरी के साथ GFSN में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वैश्विक आरक्षित निधियाँ सन 2000 के लगभग 2 ट्रिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर सन 2017 की दूसरी तिमाही के अंत में लगभग 1 ट्रिलियन अमरीकी डालर हो गई, जिसका लगभग 60 प्रतिशत ईएमई के पास है। हालांकि निधियों के लिए आरक्षित निधि पर्याप्तता आकलन (एआरए) मैट्रिक्स के अनुसार बहुत सी ईएमई (खासकर पूर्वी-यूरोप और लैटिन अमेरिका में) सम्मिश्र मैट्रिक्स के 100-150 प्रतिशत के दायरे से नीचे ही हैं, जबकि यही दायरा सावधानीयुक्त प्रयोजनों के लिए पर्याप्त माना जाता है। संकट के दौरान केन्द्रीय बैंकों के बीच द्विपक्षीय स्वैप लाइनों में नाटकीय विस्तार हुआ और तब से इसमें और भी बढ़ोतरी हुई है। इन द्विपक्षीय स्वैपों में चीन की रेनमिनबी स्वैप लाइनों के विशाल नेटवर्क का वर्चस्व है- सन 2015 के अंत में 30 स्वैप लाइनें -जिनका मूल्य 500 बिलियन अमरिकी डालर था। ब्रिक्स देशों ने 100 बिलियन अमरीकी डालर की बहुपक्षीय करेन्सी स्वैप व्यवस्था स्थापित की है, जिसका लक्ष्य प्रादेशिक अल्पावधिक चलनिधि प्रदान करना और भुगतान संतुलन की कठिनाइयों का निवारण करना है। क्षेत्रीय वित्तपोषण व्यवस्थाओं (आरएफए) के रूप में 8.5 बिलियन अमरीकी डालर के योगदान सहित यूरेशियन फन्ड फॉर स्टैबेलाइजेशन एन्ड डेवलपमेन्ट,अरबी मौद्रिक निधि (एएमएफ) और लैटिन अमेरिकन रिज़र्व फन्ड (एफएलएआर) का भी उदय हुआ।

16. प्रत्येक नई अनपेक्षित घटना के साथ ही , हालांकि जोखिम का दायरा बढ़ता जाता है, अस्थिरता उच्चत्तर हो जाती है, जिससे वह मामूली सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है, जो उदीयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं ने जैसे-तैसे जुटाई थी। इसी सन्दर्भ में मैं आपका ध्यान प्रणालीबद्ध केन्द्रीय बैंकों द्वारा स्वैप लाइनों के प्रवधानों की सरासर असममिति की तरफ आकर्षित करना चाहूँगा। वस्तुत: मैं इस स्थिति का वर्णन वहाँ

तक करूँगा, जहाँ तक यह एक आभासी " विभेद नीति" नहीं बन जाती, जिसके द्वारा केन्द्रीय बैंक स्वयं को और अपने आत्म-हित को बचाते हैं। इसी बीच, वैश्विक वित्तीय संकट का सामना कर रही उदयमान बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं को प्रणालीगत रूप से अभिगम नहीं दिया जाता है। समय आ गया है कि इस विभेदक नजरिए को समाप्त किया जाए और स्वैप लाइनों तक सबको समान पहुँच उपलब्ध कराई जाए। यद्यपि हाल के वर्षों में संकटों के प्रति ईएमई ने समुत्थान के अंश दिखाए है, तो भी संक्रमण कालीन लेकिन कमजोर बना देने वाले वित्तीय अंतरालों को पाटने और चलनिधि के लिए वे सशक्त नहीं हैं। स्वैप लाइनों तक उनकी पहुँच होगी तो इन जोखिमों को वे बेहत्तर तरीके से संभाल सकेंगे और प्रणालीगत समानुपातों का अनुमान लगाने बचेंगे, इससे वैश्विक वित्तीय स्थायित्व को खतरों से भी बचाव होगा।

हमें वैश्विक वित्तीय संकट से सबक सीखना चाहिए और व्यापक स्वैप नेटवर्क स्थापित करने के लिए शीघ्रता और समेकनपूर्वक कार्य करना चाहिए। इसके अभाव में प्रत्येक देश के बृहद आर्थिक परिवेश को नीतिगत लिखतों के चयन की जानकारी देनी होगी। ऐसी परिस्थिति में पूँजी खाते को उदार बनाने के लिए कोई उभयनिष्ठ संहिता अथवा समसमान दृष्टिकोण नहीं हो सकता है।

17. अभी हाल ही की अवधि में वृहद -विवेकपूर्ण मानदण्डों (एमपीएम) पर उल्लेखनीय फोकस रहा। हालांकि एमपीएम की यथार्थता पूँजी प्रवाह मानदंड़ों(सीएफएम) के लिए विश्वव्यापी स्तर पर स्वीकार्य नहीं हो पाई है,बावजूद इसके कि आईएमएफ द्वारा सीएफएम के चुनिंदा प्रयोग हेतु स्पष्ट तौर पर समर्थन किया गया है। यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि विश्वव्यापी वित्तीय चक्रों और त्रिविकल्पों की परिसीमितता के मध्य सरसरी तौर पर किये गए समाधान व्यवहार्य नहीं है। इसलिए सुलभ पूंजी का प्रबंधन एक अनिवार्यता बन जाता है- बाह्य देनदारी को व्यावहारिक सीमाओं में रखते हुए और बाह्य क्षेत्र से मिलने वाली मदद के संबंध में विवेकशील बने रहने से वित्तीय और बृहद आर्थिक स्थायित्व को प्रबल बनाने में मदद मिलती है।

18. हमारे सामने यह पहचानने की चुनौती है कि अब हमारे ऊपर अगला आघात किस का होनेवाला है। इसलिए वित्तीय प्रणाली के किसी भी विनियमन में पूर्वक्रमिक पद्धति अपनानी होगी,और वित्तीय प्रणाली के अन्य सभी तत्वों सहित बैंकों की संभावित कमजोरी पर विचार करना होगा। इससे विनियामक विवाचना से बचाव होगा और प्रणाली हेतु पर्यवेक्षी " ग्लाइड रेल/नियमावली " को प्रत्याशित रूप में निर्धारित करने में मदद मिलेगी।

लेख

वित्तीय क्षेत्र पर विमुद्रीकरण का प्रभाव

*वित्तीय क्षेत्र पर विमुद्रीकरण का प्रभाव**

भूमिका

08 नवंबर 2016 को ₹100 और ₹500 मूल्यवर्ग के (विनिर्दिष्ट बैंकनोट अथवा एसबीएन) मुद्रा नोटों, जिनका कुल मूल्य ₹15.4 ट्रिलियन था और जो परिचालनरत कुल नोटों का 86.9 प्रतिशत थे, का विमुद्रीकरण कर दिया गया। इसके चलते वित्तीय क्षेत्र में कई परिवर्तन आए जिन्हें संक्षेप में निम्नानुसार गिनाया जा सकता हैः-

क) मुद्रा की मांग में परिवर्तनः विमुद्रीकरण के पहले मौद्रिक मांग की आय प्रत्यास्थता 1 से अधिक थी जो कि विमुद्रीकरण के उपरांत बदलकर 0.9 हो गयी जिससे खुदरा लेनदेन में नकदी के व्यवहार में आयी कमी दिखाई पड़ती है।[1]

ख) बैंक जमा में उल्लेखनीय वृद्धिः विमुद्रीकरण के उपरांत कम लागत की बैंक जमा में 3.0-4.7 प्रतिशतता अंक की 'अतिरिक्त' वृद्धि जो कि परिचालनगत मुद्रा (सीआईसी) में कमी का प्रतिरूप होती है, का अनुमान किया गया।

ग) अधिकाधिक वित्तीय समावेशनः विमुद्रीकरण के बाद से लेकर अक्टूबर 2017 तक प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 50 मिलियन नये बैंक खाते खोले गये।

घ) संदिग्ध लेनदेन का पता लगानाः कुछ विशेष प्रकार के खातों (जैसे मुलभूत बचत बैंक खाता, पीएमजेडीवाई, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ऋण खाता और इसी प्रकार के अन्य) में ₹1.6-1.7 ट्रिलियन की राशि असामान्य जमा के रूप में आयी।

ङ) मौद्रिक नीति के संचरण में सुधारः कम लागत वाली चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमाराशियों में आए उछाल के माहौल को देखते हुए बैंकों ने अपनी सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में बड़ी कटौती करते हुए 1 वर्ष एमसीएलआर में 100 आधार अंकों की कमी कर दी है।

च) हाउसहोल्ड्स द्वारा म्यूचुअल फंडों में निवेश में वृद्धिः विमुद्रीकरण के बाद अर्थात् नवंबर 2016 से मार्च 2017 तक कर्ज/आय - आधारित म्यूचुअल फण्डों द्वारा किए गए धन संग्रह में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। अक्तूबर 2016 के अंत से अक्तूबर 2017 के अंत के बीच की अवधि में म्यूचुअल फंडों के प्रबंधनाधीन निधियां ₹16 ट्रिलियन से बढ़कर ₹21 ट्रिलियन हो गयीं।

छ) जीवन बीमा योजनाओं में अधिक संग्रहणः नवंबर 2016 से जनवरी 2017 तक जीवन बीमा प्रीमियम के कुल संग्रहण में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

ज) खुदरा भुगतानों के डिजिटलीकरण में तेजी आयीः अद्यन आंकड़ों से यह पता चलता है कि नवंबर 2016 से अगस्त 2017 के बीच प्रीपेड भुगतान लिखतों (पीपीआई) की मात्रा में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और जैसाकि पहले उल्लेख किया गया है, यह मुद्रा की मांग की आय प्रत्यास्थता में आयी उल्लेखनीय गिरावट से भी प्रदर्शित होता है।

झ) जाली भारतीय मुद्रा नोटों (एफआईसीएन) का पता लगाने की बढ़ी हुई दरः विमुद्रीकरण की अवधि के बाद ₹500 एवं ₹1000 मूल्यवर्गों के प्रति मिलियन नोटों की प्रोसेसिंग में एफआईसीएन पता लगाने की दर बढ़कर क्रमशः 6 नग और 12 नग हो गयी जो कि विमुद्रीकरण पूर्व की अवधि के दोगुने से भी अधिक थी।

I. विमुद्रीकरण और मुद्रा की मांगः-

विमुद्रीकरण के उपरांत सीआईसी में कमी आ गयी। दिनांक 30 दिसंबर 2016 तक विमुद्रीकृत बैंकनोट बैंक काउंटरों पर स्वीकार किए गए। दिनांक 04 नवंबर 2016 से 06 जनवरी

---

* यह आलेख भारतीय रिज़र्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग के डॉ. भूपाल सिंह तथा डॉ. हरेंद्र बेहरा, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के श्री दीर्घायु राउत, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग के श्री इंद्रजीत रॉय द्वारा तैयार किया गया। आलेख में व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार हैं और ये भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

[1] मौद्रिक मांग की आय प्रत्यास्थता आय के हुए प्रति इकाई परिवर्तन की तुलना में जनसाधारण द्वारा मुद्रा की मांग में आने वाले परिवर्तन की संकेतक है।

चार्ट 1ए : सीआईसी वृद्धि



चार्ट 1बी : वैकल्पिक परिदृष्यों में सीआईसी का अनुमानित और वास्तविक स्तर



2017 तक (अर्थात् विमुद्रीकरण के ठीक पहले के सप्ताह तथा विमुद्रीकरण के पश्चात् की न्यूनतम सीआईसी के बीच की अवधि) सीआईसी में कुल मिलाकर ₹9 ट्रिलियन की कमी आयी।

सीआईसी, जिसमें विमुद्रीकरण के तत्काल बाद काफी गिरावट दर्ज की गयी थी, वह अभी भी उस स्तर से नीचे बनी हुई है जिस पर यह सामान्यतया हुआ करती हैः (i) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर देखें तो पुनर्मुद्रीकरण के तीव्र प्रयासों के बावजूद 27 अक्तूबर 2017 को पिछले वर्ष हुई 17.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में सीआईसी 8.0 प्रतिशत कम रही (चार्ट 1ए)। (ii) विमुद्रीकरण पूर्व के अपने स्तर की तुलना में 27 अक्तूबर 2017 को सीआईसी 91 प्रतिशत थी और यदि यह माना जाए कि सीआईसी में वृद्धि बेसलाइन वृद्धि दर के अनुसरण में हुई होगी तब तो यह आंकड़ा और भी घटकर 81 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा (चार्ट 1बी)[2]। व्यापक मुद्रा (एम3) के अनुपात के रूप में भी सीआईसी में गिरावट आयी और यह नवंबर 2016 के 14.4 प्रतिशत की तुलना में 13 अक्तूबर 2017 को घटकर 12.3 प्रतिशत रह गयी (चार्ट 2)।

इस प्रकार, नगद आहरण जनित बाध्यताओं को छोड़ भी दें, तो भी सीआईसी में उल्लेखनीय गिरावट का रुझान दिखायी पड़ रहा है। अब तक के आंकड़ों को देखें तो, इससे इस बात के संकेत मिलते हैं कि विमुद्रीकरण ने लोगों की मुद्रा रखने की आदतों पर अच्छा खासा प्रभाव डाला है और इसने खुदरा लेनदेन को अधिकाधिक डिजिटल बनाने के प्रयासों तथा भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में हुई तीव्र वृद्धि के साथ सम्मिलित रूप से हाउसहोल्डस द्वारा की जा रही मुद्रा की मांग में दीर्घकालिक

चार्ट 2 : परिचालनगत मुद्रा / व्यापक मुद्रा



[2] पूर्वानुमानित मूल्य बहिर्जात चर एक ऑटो रिग्रेसिव गतिशील औसत मॉडल [एआरएमएएक्स (3.2)] पर आधारित हैं जिसमें छह चरों के माध्यम से बहिर्जात त्यौहारी प्रभावों को शामिल किया गया है और जिसमें 01 जनवरी 2012 से 04 नवंबर 2016 तक के साप्ताहिक सीआईसी आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। एआरएमएएक्स मॉडल ऐसे बहिर्जात कारकों को संज्ञान में लेते समय काफी लचीले होते हैं जिनमें टाइम सीरीज अपने स्वयं के अंतरालों का रेखीय प्रतिफलन होती है जैसे- एरर टर्म्स और अन्य बहिर्जात कारक. 11 नवंबर 2016 से लेकर 27 अक्टूबर 2017 तक समाप्त होने वाले सप्ताहों के मूल्यों का पूर्वानुमान लगाया गया है।

कमी ला दी है।

उपर्युक्त चर्चा को आगे बढ़ाते हुए हम मुद्रा की मांग के आकलन हेतु चार चरों का चयन करेंगे यथा, सीआईसी (एलआरसीवाई), वास्तविक जीडीपी (एलआरजीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई कंबाइंड) और औसत जमा दर (आरडेप)। वर्ष 1998:ति3 से लेकर सन 2017:ति2 की प्रदर्श अवधि के लिए 30 तिमाहियों का अभिविन्यास रखते हुए अन्य चरों पर सीआईसी के रोलिंग रिग्रेशन का आकलन किया गया। वर्ष 2016 की चौथी तिमाही से 2017 की पहली तिमाही के लिए छद्म चर (डीमन) का इस्तेमाल करते हुए विमुद्रीकरण के प्रभाव का आकलन किया गया है। अनुमानित मॉडल के माध्यम से परिगणित दीर्घकालिक प्वाइंट प्रत्यास्थता उल्लेखनीय रूप से कम होकर 0.91 हो गयी है जो कि 2014 की दूसरी तिमाही में 1.07 थी (चार्ट 3 और संलग्नक 1)। इसके अलावा, छद्म चर के माध्यम से आकलित विमुद्रीकरण का प्रभाव भी सांख्यिकीय दृष्टि से महत्त्वपूर्ण पाया गया है। मुद्रा की मांग पर विमुद्रीकरण के प्रभाव के प्रवृत्ति मूलक विश्लेषण, जो कि पूर्व के चार्टों में दर्शाया गया है, की पुष्टि इन मॉडल आधारित परिणामों से होती है। एक बात ध्यान में रखना महत्त्वपूर्ण है कि आने वाले महीनों और वर्षों में प्राप्त होने वाले और अधिक आंकड़ों से ही अनुसंधानकर्ता यह जान पाएंगे कि इस संदर्भ में जो परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं उनमें कितनी गहराई और कितनी स्थिरता है।

चार्ट 3 : मुद्रा की मांग : दीर्घकालिक आय प्रत्यास्थता



II. विमुद्रीकरण और बैंक जमा में आया उछाल

28 अक्तूबर 2016 से 6 जनवरी 2017 के बीच परिचालनगत मुद्रा में 9 ट्रिलियन की कमी हुई जिसका परिणाम यह हुआ की बैंकिंग प्रणाली में मौजूद कुल जमा की तुलना में कासा (कम लागत वाली) जमाराशियों के प्रतिशत में 4 प्रतिशत की वृद्धि हो गयी (चार्ट 4 और 5)।

चार्ट 4 : भारत में परिचालनगत नोट



चार्ट 5 : भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा



पीएमजेडीवाई खातों की जमाराशियों में 38 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई और विमुद्रीकरण के बाद (09 नवंबर 2016 से 31 मार्च 2017 तक) 27 मिलियन नये खाते खुल गए और इस प्रकार विमुद्रीकरण की वजह से वित्तीय मध्यस्थता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। अद्यतन आंकड़े यह दर्शाते हैं कि विमुद्रीकरण से लेकर अक्तूबर 2017 तक 50 मिलियन नए खाते खोले गये (चार्ट 6)।

II.क अतिरिक्त जमा संबंधी आकलन

इस पृष्ठभूमि में यदि विमुद्रीकरण के कारण आए 'अतिरिक्त' जमा का आकलन करना हो तो इसके लिए जमा की प्रकृति का विश्लेषण करना होगा। सर्वप्रथम, विमुद्रीकरण की अविध के दौरान बैंक जमा में सामान्य वृद्धि-दर का निर्धारण करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के तहत कुछेक पूर्व धारणाओं को मानते हुए एक टाइम सीरीज़ मॉडल अपनाना

चार्ट 6 : पीएमजेडीवाई के तहत जमा



स्रोत: भारत सरकार

होगा और तदुपरांत इसे तथा वास्तविक वृद्धि-दर को आमने-सामने रखते हुए 'अतिरिक्त' वृद्धि ज्ञात की जाती है। दूसरे, पूर्व के वर्षों में दर्ज की गयी वृद्धि-दर की तुलना में सात प्रकार के बैंक खातों, जो कि बैंक जमा का 30 प्रतिशत होते हैं, का मूल्यांकन किया जाता है। इन खातों का चयन करते समय यह देखा जाता है कि ये ऐसे खाते हैं जिनमें सामान्य रूप से कम लेनदेन होता है और जिनमें असामान्य रूप से नकद जमा के संकेत मिलते हैं।

II.क.1 कुल बैंकिंग सांख्यिकी पर आधारित आकलन

अगले चरण में जमा में वृद्धि की बेंचमार्क सांकेतिक दर विभिन्न परिदृश्यों में एकसमान मानी जाती है यथा (i) 2015-16 की उसी अवधि के दौरान; (ii) पिछले दो वर्षों (अर्थात् 2014-15 और 2015-16) की उसी अवधि के दौरान दर्ज की गयी औसत वृद्धि; और एआरएमए (1.1) मॉडल का इस्तेमाल करते हुए आकलित वृद्धि[3]।

परिदृश्य 1: 2015-16 में देखी गयी दर को परोक्ष में रखते हुए जमा में हुई सामान्य वृद्धि

11 नवंबर से 30 दिसंबर 2016 की अवधि के दौरान कुल जमा में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) हुई जबकि 2015 के दौरान इसी अवधि में यह 10.3 प्रतिशत थी जो इस बात की ओर संकेत करती है कि 4.2 प्रतिशत की अतिरिक्त जमा वृद्धि विमुद्रीकरण के परिणामस्वरूप हुई (टेबल 1)। सांकेतिक रूप में देखें तो अतिरिक्त जमा राशि कुल मिलाकर ₹3.8 ट्रिलियन थी। 11 नवंबर 2016 से 17 फरवरी 2017 की अवधि का आकलन करने पर यह पता चलता है कि बैंक जमा में पाक्षिक वृद्धि-दर 13.9 प्रतिशत रही जो 2015-16 की उसी अवधि के दौरान आकलित 10.4 प्रतिशत की वृद्धि दर से 3.5 प्रतिशतता अंक अधिक थी। यदि मार्च 2017 के अंत तक की अवधि पर विचार किया जाए तो जमाराशियों में कुछ अल्पकालीन कमी लाकर विभाजन की दृष्टि से 13.4% की वास्तविक जमाराशि संवृद्धि 10.1% की अनुमानित संवृद्धि से 3.3 प्रतिशत अंक अधिक हो जाती है।

परिदृश्य 2: 2014-15 और 2015-16 के औसत को परोक्ष में रखते हुए जमा में हुई सामान्य वृद्धि

2014-15 और 2015-16 में 11 नवंबर से 30 दिसंबर के बीच बैंक जमा में औसत वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 10.6 प्रतिशत रही जबकि 2016-17 की उसी समयावधि में औसत जमा वृद्धि 14.5 प्रतिशत थी। इस परिदृश्य में देखें तो विमुद्रीकरण के फलस्वरूप अनुमानित औसत जमा वृद्धि 4 प्रतिशत रही (टेबल 1)।

इसी आधार पर 11 नवंबर से 17 फरवरी 2017 की अवधि में वृद्धि दर पिछले दो वर्षों में उसी समयावधि की जमा वृद्धि के औसत 10.7 प्रतिशत से 3.3 प्रतिशतता अंक अधिक थी। यदि मार्च 2017 के अंत तक की स्थिति पर विचार किया जाए तो अतिरिक्त जमा वृद्धि औसत जमा वृद्धि 10.4 प्रतिशत से 3 प्रतिशतता अंक अधिक ठहरती है।

परिदृश्य 3: एआरएमए मॉडल पर आधारित आकलन

वर्ष 2012-13 से 2016-17 (28 अक्तूबर 2016 को समाप्त पक्ष तक) की अवधि के पाक्षिक आंकड़ों पर एआरएमए

टेबल 1: एससीबी की कुल जमा पर विमुद्रीकरण का अनुमानित प्रभाव

अवधि	जमा में हुई वृद्धि	परिदृष्य 1	परिदृष्य 2	परिदृष्य 3
11 नवंबर 2016 से 30 दिसंबर 2016	प्रतिशतता अंकों में अतिरिक्त वृद्धि	4.2	4.0	4.7
	₹ बिलियन में अतिरिक्त वृद्धि	3,829	3,608	4,309
11 नवंबर 2016 से 17 फरवरी 2017	प्रतिशतता अंकों में अतिरिक्त वृद्धि	3.5	3.3	4.2
	₹ बिलियन में अतिरिक्त वृद्धि	3,233	2,991	3,848
11 नवंबर 2016 से 31 मार्च 2017	प्रतिशतता अंकों में अतिरिक्त वृद्धि	3.3	3.0	3.8
	₹ बिलियन में अतिरिक्त वृद्धि	3,088	2,754	3,472

नोट : रिपोर्टिंग प्रणाली अर्धमासिक होने के कारण, आंकड़े 11 नवंबर 2016 को समाप्त अर्धमास से लिए गए हैं ताकि विमुद्रीकरण के प्रभाव को जाना जा सके।

[3] जमा वृद्धि का पूर्वानुमान ऑटो रिग्रेसिव गतिशील औसत [एआरएमए (1.1)] मॉडल का प्रयोग करते हुए किया गया है। एआरएमए एक ऐसा साधन है जिसकी सहायता से अपने खुद के जड़त्व पर आधारित किसी सीरीज के भविष्य के मूल्य का पूर्वानुमान लगाया जाता है और यह अल्पकालिक पूर्वानुमान के लिए उपयुक्त होता है। एआरएमए द्वारा किसी भी टाइम सीरीज का पूर्वानुमान समीकरण एक रेखीय (अर्थात रिग्रेशन की तरह का) समीकरण होता है जिसमें पूर्वानुमानकर्ताओं में आश्रित चरों के अंतराल और/अथवा पूर्वानुमान त्रुटियों के अंतराल शामिल होते हैं।

(1.1) मॉडल का इस्तेमाल करते हुए भी जमा वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया था (संलग्नक 2 से 6 देखें)। इस मॉडल का उपयोग करते हुए विमुद्रीकरण के कारण हुई जमा वृद्धि 11 नवंबर से 30 दिसंबर 2016 की अवधि के लिए इसी मॉडल के माध्यम से गणना की गयी 9.8 प्रतिशत की जमा वृद्धि से 4.7 प्रतिशत अधिक है (टेबल 1)। दिनांक 11 नवंबर 2016 से 17 फरवरी 2017 तक की अवधि के लिए जमा वृद्धि दर इस मॉडल के तहत अनुमानित 9.7 प्रतिशत की वृद्धि से 4.2 प्रतिशत अधिक रही। जब मार्च 2017 के अंत तक की अवधि पर विचार करते हैं तो अतिरिक्त जमा वृद्धि इस मॉडल के तहत अनुमानित 9.7 प्रतिशत की वृद्धि से 3.8 प्रतिशत अंक अधिक ठहरती है।

II.क.2 बैंक खातों के आधार पर अतिरिक्त जमा का अनुमान

25 नवंबर 2016 तक बैंक शाखाओं द्वारा दी जा रही काउंटर पर विनिमय सुविधा के तहत ₹370 बिलियन के एसबीएन बदले गए। काफी बड़ी संख्या में एसबीएन कुछ खास तरह के बैंक खातों में भी जमा किए गए यथा - मूलभूत बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए); प्रधानमंत्री जन धन योजना खाते (पीएमजेडीवाई); केसीसी; निष्क्रिय खाते; अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में खोले गए सहकारी बैंकों के खाते; सोने-चांदी के कोरोबारियों/जौहरियों के खाते; ऋण खाते। नवंबर-दिसंबर 2016 में 52 बैंकों में खोले गए इन सात प्रकार के खातों में कुल अनुमानित जमाराशि ₹4,358 बिलियन थी। सितंबर-अक्तूबर 2016 में इन खातों में नगद जमा ₹2,701 बिलियन थी। यह मानते हुए कि सामान्यतया इन खातों का परिचालन कम ही किया जाता हैं, ₹1,657 बिलियन के इस अंतर का कारण विमुद्रीकरण के फलस्वरूप इन खातों में नगदी जमा में आए उछाल को ही माना जा सकता है। इन 52 बैंकों में नवंबर-दिसंबर 2015 के दौरान ऐसे खातों में अनुमानित नगद जमा राशि ₹3,065 थी। पिछले पांच वर्षों में वृद्धि दर के रूझान (अर्थात् पिछले पांच वर्षों में नवंबर-सितंबर के दौरान कुल जमाराशियों में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि) के आधार पर देखें तो इन खातों में नवंबर-दिसंबर 2016 के दौरान अनुमानित नगद जमा ₹2,783 बिलियन होनी चाहिए। इस प्रकार, इस दृष्टि से देखा जाए तो नवंबर-दिसंबर 2016 के दौरान अतिरिक्त जमा ₹1,575 बिलियन ठहरती है।

विमुद्रीकरण की अवधि (अर्थात् 11 नवंबर 2016 से 30 दिसंबर 2016) के दौरान बैंकिंग प्रणाली में आए अतिरिक्त जमा में 4.0-4.7 प्रतिशतता अंक की वृद्धि हुई। यदि फरवरी 2017 के मध्य तक की अवधि को भी शामिल कर लिया जाए ताकि जमा में आई अचानक वृद्धि के बाद की गिरावट को भी गणना में लिया जा सके, तो जमा में हुई अतिरिक्त वृद्धि 3.3-4.2 प्रतिशतता अंक रही। जमा में कुछ अन्य अल्पकालिक गिरावटों को भी समायोजित करने के विचार से यदि मार्च 2017 के अंत तक की स्थिति को गणना में लिया जाए तो जमा में हुई अतिरिक्त वृद्धि 3.0-3.8 प्रतिशत थी। सांकेतिक रूप से देखें तो विमुद्रीकरण के कारण बैंकिंग प्रणाली में आए अतिरिक्त जमा की अनुमानित राशि ₹2.8-4.3 ट्रिलियन रही। कुछ विशिष्ट खातों में, जो कि सामान्यतः कम परिचालित होते हैं, हुए असामान्य जमा की अनुमानित राशि ₹1.6 से ₹1.7 ट्रिलियन के अंतराल में रही। कुल मिलाकर, विमुद्रीकरण के परिणामस्वरूप बैंक जमा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और यह जमा यदि बनी रही तो इससे वित्तीय बचतों और पूंजी बाजार की ओर उनके प्रवाह पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।

III. विमुद्रीकरण और मौद्रिक प्रवाह

चूंकि बैंकों ने जमाकर्ताओं द्वारा जमा किए गए विमुद्रीकृत बैंक नोटों के मूल्य के बराबर राशि उनके खातों में क्रेडिट की, अतः विमुद्रीकरण के बाद की अवधि में बैंकों के कासा जमा में अचानक तीव्र वृद्धि हुई। बैंकों की कुल जमा में कम लागत वाले कासा जमा की हिस्सेदारी अक्तूबर 2016 के 35.2 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2017 में 40.6 प्रतिशत हो गयी हालांकि जून 2017 तक यह गिरकर 38.6 प्रतिशत रह गयी। कर्ज की मांग ढीली ही रही, अतः बैंकों ने दिसंबर 2016 के अंत और जनवरी 2017 की प्रारंभिक अवधि में अपनी सावधि जमा ब्याज दरों में काफी कमी कर दी, हालांकि बचत जमा खातों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहीं।

अतिरिक्त चलनिधि, कमजोर ऋण-मांग, कम लागत वाली सावधि जमा और कम लागत वाली कासा जमा में उछाल वाले वातावरण में बैंकों ने जनवरी 2017 में अपने एमसीएलआर में भारी कटौती की घोषणा की। नवंबर 2016 - अगस्त 2017 के बीच अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सावधि जमा दरों में 62 आधार अंकों की कमी आयी

चार्ट 7 : विमुद्रीकरण - पश्चात अवधि में मौद्रिक नीति अंतरण



डब्ल्यूएटीडीआर: भारित औसत सावधि जमा दर : भारित औसत उधारी दर : एमसीएलआर: निधियों की मार्जिनल लागत आधारित उधारी दर

(चार्ट 7) जबकि बैंकों की भारित औसत सावधि जमा दरों में 69 आधार अंकों की गिरावट हुई।

नवंबर 2016 से अगस्त 2017 के दौरान रुपए में दिए जाने वाले नए ऋणों के संदर्भ में बैंकों की भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) में लगभग 100 आधार अंकों की कमी आई (चार्ट 7)। नवंबर 2016 से 1 वर्षीय माध्यिका एमसीएलआर में समेकित रूप से 80 आधार अंकों की कमी आई है। यह काफी उल्लेखनीय है क्योंकि, पिछले सात महीनों के दौरान (अप्रैल-अक्तूबर 2016) के दौरान, जबकि नीतिगत रेपो दर में 50 आधार अंकों की कमी आई थी, 1 वर्षीय माध्यिका एमसीएलआर में केवल 15 आधार अंकों की ही कमी आई थी। नवंबर 2016-अगस्त 2017 के दौरान रुपए में अंकित बकाया ऋणों के संबंध में डब्ल्यूएआर में 50 आधार अंकों की कमी आई। इस प्रकार, विमुद्रीकरण के कारण अंतरण के एक बड़े भाग की पूर्ति अधिशेष चलनिधि द्वारा पूरी की गई।

IV. विमुद्रीकरण और बचतों का वित्तीयकरण

विमुद्रीकरण के परिणामस्वरूप गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यस्थों जैसे कि कर्ज/ आय उन्मुख म्यूचुअल फंडों और बीमा कंपनियों को फायदा हुआ। 2016-17 के दौरान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के समग्र तुलन पत्र में 14.5 प्रतिशत का विस्तार हुआ। बचतों के वित्तपोषण को तीन गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यस्थों में बांटा जा सकता है; म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियां और एनबीएफसी।

IVए. म्यूचुअल फंड

विमुद्रीकरण के बाद बैंक जमा राशियों की ब्याज दरों में कमी आने और स्वर्ण की कीमत में गिरावट ने कर्ज और ईक्विटी उन्मुख दोनो प्रकार के म्यूचुअल फंडों को संगत रूप से आकर्षक बना दिया। यह म्यूचुअल फंडों द्वारा धारित एयूएम से प्रकट होता है जो मार्च 2017 के अंत में बढ़कर ₹17.5 ट्रिलियन हो गई और आगे अक्तूबर 2017 अंत में बढ़कर ₹21.4 ट्रिलियन हो गई। उत्साह से पूर्ण ईक्विटी बाजार ने भी ईक्विटी उन्मुख म्यूचुअल फंडों को अधिक आकर्षक बना दिया। इस अवधि के दौरान ईक्विटी योजनाओं के तहत संसाधनों का एकत्रण दोगुने से भी अधिक हो गया। नवंबर 2016 से जून 2017 के दौरान आय/कर्ज योजनाओं में भी निवल अंतर्वाह हुआ जो कि नवंबर 2015 से जून 2016 के दौरान हुए निवल बहिर्वाह के विपरीत रहा। पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में नवंबर 2016-जून 2017 के दौरान म्यूचुअल फंडों द्वार जुटाए गए समग्र संसाधनों में हुई तीव्र वृद्धि इसे प्रदर्शित करती है (सारणी 2)। विमुद्रीकरण के बाद म्यूचुअल फंडों द्वारा किया गया संसाधनों का उच्चतर एकत्रण मुख्यत: खुदरा और उच्च निवल मालियत वाले वैयक्तिक निवेशकों द्वारा संचालित हुआ।

सारणी 2 : म्यूचुअल फंडों में निवल अंतर्वाह/बहिर्वाह

(₹ बिलियन में)

श्रेणी	नवंबर 2015 - जून 2016	नवंबर 2016 - जून 2017	2015-16	2016-17	अप्रैल-सितंबर 2017-18
आय/कर्ज योजनाएं	-328.6	386.2	330.1	2131.5	676.1
ईक्विटी योजनाएं	235.7	670.7	740.3	703.7	803.6
संतुलित योजनाएं	111.4	436.5	197.4	366.1	470.5
एक्सचेंज पर व्यापारित फंड	75.5	203.8	78.2	232.8	72.5
फंड के फंड जो विदेशों में निवेश करते हैं	-2.4	-1.9	-4.2	-3.6	-2.6
कुल	**91.6**	**1695.5**	**1341.8**	**3430.5**	**2020.0**

स्रोत: भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

IVबी. जीवन बीमा कंपनियां

नवंबर 2016 में जीवन बीमा कंपनियों द्वारा किया गया प्रीमियम का संग्रह दोगुने से अधिक हो गया (सारणी 3)। नवंबर 2016 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा संग्रहीत प्रीमियम में (वर्ष-दर-वर्ष) 142 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियों द्वारा किए गए संग्रहण में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2016 में एलआईसी द्वारा किया गया संग्रह उसके कुल संग्रह का लगभग 85 प्रतिशत था जो कि अधिकतर 'एकल प्रीमियम' पॉलिसी के तहत हुआ, जिसे एकमुश्त रूप में अदा किया जाता है, जबकि गैर-एकमुश्त प्रीमियम पॉलिसी के तहत उसका भुगतान मासिक, तिमाही या वार्षिक आधार पर किया जा सकता है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने 1 दिसंबर 2016 से खरीदी गई अपनी जीवन अक्षय योजना VI के तहत तत्काल वार्षिक वृत्ति की वार्षिक वृत्ति दर को संशोधित कर अधोमुखी बना दिया जिसका नवंबर 2016 में एकत्रण में हुई वृद्धि पर असर भी पड़ा हो सकता है। पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के दौरान हुए संग्रह की तुलना में नवंबर 2016 से जनवरी 2017 के दौरान हुए समेकित संग्रह में 46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तत्पश्चात्, वृद्धि दर में कमी आने के बावजूद नवंबर 2016 से सितंबर 2017 की अवधि के दौरान प्रीमियम संग्रह में औसत 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

IVसी. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)

सभी श्रेणियों की एनबीएफसी द्वारा संवितरित किए गए ऋण में अप्रैल-अक्तूबर 2016 के दौरान औसत मासिक संवितरणों की तुलना में नवंबर 2016 में उल्लेखनीय गिरावट आई, विशेष रूप से माइक्रो वित्त कंपनियों (एनबीएफसी-

सारणी 3 : जीवन बीमा प्रीमियम*

(₹ बिलियन में)

माह	निजी बीमा कंपनियां	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (%)	एलआईसी	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (%)	सकल जोड़	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (%)
नवं-2016	35.3	48.9	125.3	141.9	160.6	112.7
दिसं-2016	47.5	28.4	82.6	12.8	130.1	18.1
जन-2017	44.1	23.8	87.2	29.8	131.4	27.8
फर-2017	39.4	13.0	68.5	-12.3	107.9	-4.5
मार्च-2017	93.8	17.8	253.0	7.5	346.8	10.1
अप्रै-2017	25.6	22.3	44.3	-24.7	69.9	-12.3
मई-2017	33.9	4.5	84.1	14.2	118.0	11.2
जून-2017	40.2	16.2	104.5	11.7	144.7	12.9
जुला-17	41.7	33.9	162.5	51.4	204.3	47.4
अग-17	41.3	15.8	133.8	24.9	175.1	22.6
सितं-17	55.9	-1.1	153.0	37.6	208.9	24.6
नवं-2016 to जन-2017	126.9	31.8	295.1	53.5	422.1	46.3
नवं-2016 to सितं-2017	498.7	18.1	1298.9	22.8	1797.7	21.5

* आंकड़े 'पहले वर्ष के प्रीमियम' से संबंधित हैं।
स्रोत: इरडा

सारणी 4 : भारत में गैर-बैंक वित्तीय कंपनियों द्वारा किया गया वितरण

श्रेणी	मासिक औसत वितरण (अप्रैल-अक्तूबर 2016) बिलियन ₹ में	अप्रैल- अक्तूबर 2016 के मासिक औसत वितरण की तुलना में प्रतिशत बदलाव							
		नवं-16	दिसं-16	जन-17	फर-17	मार्च-17	अप्रै-17	मई-17	जून-17
आस्ति वित्त कंपनियां (12)	186.8	-14.6	9.2	-6.9	-2.5	48.7	-10.4	1.1	22.8
ऋण कंपनियां (13)	611.6	-24.7	-22.5	-19.3	-12.6	39.9	4.5	7.1	13.0
माइक्रो वित्त कंपनियां (12)	94.1	-63.2	-71.4	-56.5	-42.3	-5.8	-47.8	-11.3	-15.3

टिप्पणी: कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े संज्ञान में ली गई कंपनियों के हैं।
स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक

एमएफआई) द्वारा किए जाने वाले ऋण वितरण में जिनका मुख्य व्यापार ही नकदी आधारित है (सारणी 4)। आस्ति वित्त कंपनियों (एएफसी) और ऋण कंपनियों (एलसी) द्वारा किए जाने वितरणों में फरवरी 2017 तक सामान्य रूप से गिरावट रही। मार्च 2017 से वितरण धनात्मक हुए और अप्रैल-अक्तूबर 2016 के दौरान रिकार्ड किए गए औसत मासिक वितरणों की तुलना में उनमें कहीं अधिक तेजी से वृद्धि हुई। तथापि, एमएफआई के मामले में, अप्रैल-अक्तूबर 2016 के दौरान रिकार्ड किए गए औसत मासिक वितरणों की तुलना में किए गए वितरणों में गिरावट जारी रही क्योंकि राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली ऋण माफी के कारण अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था।

वितरणों के विपरीत नवंबर 2016 से जून 2017 के दौरान एएफसी और एलसी के संग्रहों में अप्रैल-अक्तूबर 2016 के दौरान के मासिक औसत वितरणों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई (सारणी 5)। अप्रैल 2016 की तुलना में नवंबर 2016-फरवरी 2017 के दौरान एनबीएफसी-एमएफआई द्वारा किए गए संग्रहों में गिरावट रही, परंतु मार्च, मई और जून 2017 के महीनों के दौरान इसमें सुधार दृष्टिगत हुआ।

एनबीएफसी को दिए जाने वाले बैंक क्रेडिट 2016 के 5.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) से कम होकर नवंबर 2016 में 1.3 प्रतिशत हो गया तथापि, मार्च 2017 में इसमें सुधार हो गया और यह बढ़कर 10.9 प्रतिशत हो गया। विवरणियां प्रस्तुत करने वाली एनबीएफसी के प्रतिफलों के संदर्भ में मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष में (16.4 प्रतिशत) एनबीएफसी द्वारा दिए गए ऋणों और अग्रिमों में सामान्य गति से वृद्धि हुई जैसी कि मार्च 2016 को समाप्त वर्ष में हुई थी (16.6 प्रतिशत) (सारणी 6)।

सारांश में, ऐसा प्रतीत होता है कि विमुद्रीकरण ने भारत में वित्तीयकरण को गति प्रदान कर दी है।

V. विमुद्रीकरण और डिजिटल भुगतान

विमुद्रीकरण का एक और महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि डिजिटल लेनदेनों के प्रयोग में काफी बढ़ोतरी हुई। नवंबर 2016 की तुलना में मार्च 2017 में डिजिटल लेनदेनों का स्वरूप दर्शाता है कि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में मूल्य और मात्रा दोनों के सबंध में वृद्धि दर में तीव्रता आई। इलेक्ट्रानिक भुगतानों का व्यवहार यह दर्शाता है कि डिजिटल गतिविधि में आई तेजी बरकरार रही है। अद्यतन आंकड़े दर्शाते हैं कि नवंबर 2017 और अगस्त 2017 के बीच प्री-पेड भुगतान लिखतों (पीपीआई) की मात्रा में 54 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के तहत लेनदेनों में समान अवधि के दौरान दोगुने से अधिक वृद्धि हुई (सारणी 7)। बिक्री बिंदु (पी$_{ओ}$एस) पर डेबिट और

सारणी 5 : भारत में गैर-बैंक वित्तीय कंपनियों द्वारा किया गया संग्रह

श्रेणी	मासिक औसत वितरण (अप्रैल-अक्तूबर 2016) बिलियन ₹ में	अप्रैल- अक्तूबर 2016 के मासिक औसत वितरण की तुलना में प्रतिशत बदलाव							
		नवं-16	दिसं-16	जन-17	फर-17	मार्च-17	अप्रै-17	मई-17	जून-17
आस्ति वित्त कंपनियां (12)	123.2	-4.3	7.7	5.5	5.1	19.4	5.3	13.1	7.7
ऋण कंपनियां (13)	355.8	3.9	14.9	4.5	6.4	58.9	24.9	21.0	38.9
माइक्रो वित्त कंपनियां (12)	74.9	-8.8	-0.8	-3.7	-8.7	7.9	-3.8	5.2	1.4

टिप्पणी: कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े संज्ञान में ली गई कंपनियों के हैं।
स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक

सारणी 6 : एनबीएफसी क्षेत्र का समेकित तुलन पत्र

(प्रतिशत में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि)

मद	मार्च-16	मार्च-17
1. कुल उधारियां	15.3	15.0
2. वर्तमान देयताएं और प्रावधान	31.8	16.0
कुल देयताएं/आस्तियां	15.5	14.5
1. ऋण और अग्रिम	16.6	16.4
2. निवेश	10.8	11.9
आय/खर्च		
1.कुल आय	15.8	8.9
2. कुल खर्च	15.8	9.6
3. निवल लाभ	15.6	-2.9

स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक

क्रेडिट कार्ड भुगतानों, जो कि डिजिटल भुगतानों के समय-परीक्षित और प्रचलित माध्यम हैं, में भी तीव्र वृद्धि दर्ज की गई।

इसके अतिरिक्त, विमुद्रीकरण के लागू होने के साथ ही डिजिटल भुगतानों को प्रोत्साहित करने हेतु किए गए विशिष्ट उपायों के कारण खुदरा इलेक्ट्रानिक भुगतानों की मात्रा और कीमत के संदर्भ में नए रिकार्ड कायम हुए। खुदरा इलेक्ट्रानिक भुगतानों के मात्रागत रुझान नवंबर 2016 के बाद हुए ढांचागत परिवर्तन की ओर संकेत देते हैं (चार्ट 8ए और बी)।

सारणी 7 : भुगतान के डिजिटल माध्यम में हुई वृद्धि

माह/वर्ष	ईएफटी/एनईएफटी		तत्काल भुगतान प्रणाली(आईएमपीएस)		क्रेडिट /डेबिट कार्ड (एटीएम और पीओएस पर उपयोग)		प्रीप्रेड भुगतान लिखतें (एम-वॉलेट, पीपीआई कार्ड, पेपर वाउचर)	
	मात्रा (मिलियन)	कीमत (₹ बिलियन में)	मात्रा (मिलियन)	कीमत (₹ बिलियन में)	मात्रा (मिलियन)	कीमत (₹ बिलियन में)	मात्रा (मिलियन)	कीमत (₹ बिलियन में)
नवंबर-2016	123.0	8807.9	36.2	324.8	896.1	1823.2	169.3	50.7
मार्च-2017	186.7	16294.5	67.4	564.7	1089.4	2952.6	342.1	106.8
अगस्त-2017	151.6	12500.4	75.7	651.5	1097.8	3072.1	261.1	102.9
वृद्धि दर (%)								
नवंबर 2016 की तुलना में मार्च 2017	51.7	85.0	86.4	73.9	21.6	61.9	102.0	110.4
नवंबर 2016 की तुलना में अगस्त 2017	23.2	41.9	109.2	100.6	22.5	68.5	54.2	102.7

